बरेली, रविवार
31 दिसंबर 2017
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 5.00
पृष्ठ 20+6 =26

दैनिक जागरण

RIGHT MIDDLE.

प्लेसमेंट ग्राफ बढ़ाने के लिए एकेटीयू ने शुरू किया मंथन

ग्रेटर नोएडा : डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय से संबद्ध कॉलेजों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के प्लेसमेंट को लेकर एकेटीयू प्रबंधन ने कमर कस ली है। एकेटीयू के वीसी विनय कुमार पाठक ने एनसीआर व आसपास के कॉलेजों के ट्रेनिंग व प्लेसमेंट अधिकारियों के साथ बैठक कर ज्यादा से ज्यादा प्लेसमेंट कराने पर मंथन किया। साथ ही ट्रेनिंग और प्लेसमेंट अधिकारियों द्वारा उठाए गए विभिन्न मुद्दों को गंभीरता के साथ हल करने का भरोसा दिया। इस विषय पर अगली बैठक जल्द लखनऊ में आयोजित होगी। बैठक के बाद कोर्स में भी कुछ बदलाव किए जाने की भी संभावना है।

एकेटीयू से प्रदेश के छह सौ से अधिक कॉलेज संबद्ध हैं। कुछ कॉलेजों को छोड़कर अन्य के यहां पर प्लेसमेंट का ग्राफ च्च्छा नहीं रहता है। इस दिशा में सुधार के लिए एकेटीयू गंभीर है। गलगोटिया कॉलेज में हुई बैठक में नोएडा, गाजियाबाद, मेरठ, हापुड़, मुरादाबाद सहित अन्य जिलों के कॉलेजों के ट्रेनिंग व प्लेसमेंट सेल अधिकारियों ने हिस्सा लिया। अधिकारियों ने प्लेसमेंट की कमी के पीछे वीसी के सामने कई मुद्दे उठाए। जिसमें प्रमुख रूप से विवि के सलेबस व इंडस्ट्री का मुद्दा उठाया गया। प्रतिनिधियों ने कहा सलेबस इंडस्ट्री की मांग के अनुरूप नहीं है। पढ़ाई के दौरान विद्यार्थियों की ट्रेनिंग में भी लापरवाही बरती जाती है। विनय कुमार पाठक ने कहा इस दिशा में सुधार की आवश्यकता है। यह मंथन करना होगा कि इंडस्ट्री की आवश्यकता क्या है। इसके अनुरूप कुछ बदलाव करने होंगे। प्लेसमेंट बढ़ाने के लिए जल्द ही एक पॉलिसी बनाई जाएगी। सभी कॉलेजों के ट्रेनिंग व प्लेसमेंट अधिकारियों को एक मंच पर लाने के लिए वाट्सएप ग्रुप बनाया जाएगा।